## खबर संक्षेप



### पुलिस ने चलाया विशेष जांच अभियान

**सिलौंडी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी अभिषेक चोबे के मार्गदर्शन में सिलौंडी पुलिस चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल के नेतृत्व में सिलौंडी पुलिस बल ने सिलौंडी के ढाबे ,होटल ,बस स्टैंड में सघन चेकिंग की जा रही है । वाहन चालकों को रोककर ब्रेंथ एलाइजर से शराब के नशे की जांच की जा रही है ।नशे की हालत में वाहन चलने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किया जाएगा । चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने बताया कि नव वर्ष में कानून व्यवस्था बनाने और क्षेत्र में शांति बनाने के उद्देश्य को लेकर लगातार क्षेत्र में गश्त किया जा रहा है । इस दौरान आरक्षक अतुल शर्मा , राम विश्वकर्मा ,धर्म वीर सहित डायल 112 के कर्मचारी की उपस्थिति रही ।

### जल का संरक्षण करने किया बोरी बंधान



**उमरियापान।** वर्षा जल का संरक्षण कर भू-जल स्तर में वृद्धि करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा अंतर्गत ढीमरखेड़ा सेक्टर के ग्राम करौंदी में जल संचय अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं ने करौंदी के बनेहरा–बनेहरी नाले में बोरी बंधान किया। इस मौके पर परामर्शदाता अंकित झारिया ने जल संचय अभियान की जानकारी दी। क्षेत्रीय भ्रमण असाइनमेंट से संबंधित बिंदुओं पर प्रकाश डाला। जल संरक्षण की आवश्यकता बताते हुए पानी के सतत एवं उपयोग पर जोर दिया। इस दौरान सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता नीलम मौर्य,छात्र आशीष नामदेव, सुजीत बर्मन, आकाश बढ़ई, नीलेश राय,ज्योति पटेल, विपाशा ठाकुर, प्रीति कुर्मी, नेहा नामदेव सहित पारस बर्मन, गगन बर्मन, छोटू बर्मन ने श्रमदान कर बोरी बंधान कार्य में सहभागिता निभाई।

### सड़क हादसे में दो की मौत, 14 हुए घायल, कई की हालत गंभीर

**कटनी।** अस्थि विसर्जन के लिए प्रयागराज जा रहा कटनी का एक परिवार रास्ते में सड़क हादसे का शिकार हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मैहर के ग्राम तिलौरा के पास तेज रफ्तार तूफान वाहन हाईवे किनारे खड़े कंटेनर के पीछे जा घुसा। इस दर्दनाक दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार हादसे में जान गंवाने वालों में तूफान वाहन का चालक जतन सिंह भी शामिल है, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। वाहन में सवार सभी लोग कटनी जिले के पड़रिया गांव के निवासी थे और परिवार के साथ अस्थि विसर्जन के लिए कटनी से प्रयागराज जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। एक व्यक्ति वाहन में फंसा हुआ था, जिसे ग्रामीणों और राहत दल ने बाहर निकाला। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को वाहन से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। हाईवे पर खड़े कंटेनर को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस यह जांच कर रही है कि कंटेनर किस परिस्थिति में और किन सुरक्षा मानकों के तहत सड़क किनारे खड़ा था। घायलों का इलाज जारी है और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्राम घुनौर में हुई घटना से मचा हड़कंप, वन विभाग पर बेपरवाही के आरोप

# तेंदुआ ने मचाई दहशत : 10 वर्षीय बालक को दबोचकर ले गया, जंगल में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम घुनौर में मंगलवार को उस समय क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बन गया जब तेंदुआ एक 10 वर्षीय बालक को उठाकर ले गया। साथ गए बच्चों ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बच्चे को ढूंढ़ने जंगल के भीतर गए, जहां झाड़ियों में उसका शव मिला। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए।

### लाठी डंडे लेकर दौड़े ग्रामीण

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राज कोल अपनी बहन और दोस्तों के साथ जंगल में लकड़ी बीनने गया था। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उस पर झपट्टा मारा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता या राज को बचाने का प्रयास करता, तेंदुआ उसे लेकर जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर जंगल की तरफ दौड़े, लेकिन तेंदुए का पता नहीं चल सका। बच्चे का शव घने जंगल के करीब 500 मीटर अंदर



झाड़ियों के बीच में मिला।

### वन अमला एवं पुलिस ने की सर्चिंग

तेंदुआ द्वारा बच्चे को उठा ले जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर गौरव शर्मा के नेतृत्व में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। तेंदुए की लोकेशन पता लगाने के लिए ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। टीम तेंदुए के पदचिह्नों के आधार पर उसकी दिशा का पता लगाने में जुटी है। उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की कवायद भी शुरू कर दी गई है।

### ..तो नहीं होती यह घटना

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता देखी जा रही थी। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी। यदि समय रहते गश्त बढ़ाई जाती या तेंदुए को पकड़ने के प्रयास किए जाते, तो यह घटना टाली जा सकती थी। उन्होंने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग की है।

सब डिविजनल ऑफिसर सुरेश बरोले ने बताया राज कोल अपनी बड़ी बहन के साथ लकड़ी बीनने के लिए जंगल से लगे राजस्व क्षेत्र में गया था। इसी दौरान झाड़ियों में एक तेंदुआ गाय का शिकार कर रहा था। बच्चे के नजदीक जाने पर तेंदुए ने उस पर झपट्टा मारा और उसे जंगल की ओर खींच ले गया। करीब एक घंटे की तलाश के बाद बच्चे का शव घटनास्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर मिला। फिलहाल, तेंदुए की लोकेशन का पता लगाने के लिए क्षेत्र में खोजबीन लगातार जारी है।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने कहा पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि तेंदुआ बच्चे को उठाकर जंगल की ओर ले गया है। तत्काल सर्चिंग अभियान शुरू किया गया, जिसमें बच्चे का शव बरामद हुआ। पंचनामा की कार्यवाही पूरी कर मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### ग्राम घुनौर में तेंदुआ के हमले से बालक की मौत पर सांसद और विधायक ने जताया शोक

## पीड़ित परिवार को दी जाएगी 8 लाख रूपए की सहायताः सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ के ग्राम घुनौर में तेंदुए के हमले में 10 वर्षीय बालक राज पिता दशरथ की मृत्यु पर क्षेत्रीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा तथा विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने गहन दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार की हर सम्भव मदद का भरोसा दिया है। सांसद श्री शर्मा ने बताया कि पीड़ति परिवार को 8 लाख रुपये की तात्कालिक सहायता दी जाएगी। सांसद श्री शर्मा ने इस घटना को अत्यंत स्तब्ध करने वाला बताते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को और भी आर्थिक सहायता दिलाने के लिए जिला प्रशासन एवं वन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। साथ ही क्षेत्र में सक्रिय वन्य जीव को पकड़ने के लिए संबंधित उच्चाधिकारियों से भी समन्वय कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए वन क्षेत्रों के समीप निवास करने वाले नागरिकों से सतर्क रहने, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतने तथा किसी भी वन्यजीव गतिविधि की तुरंत सूचना वन विभाग अथवा प्रशासन को देने की अपील की है।

### क्षेत्र में बढ़ाएं पेट्रोलिंग

विधायक संजय पाठक ने तत्काल फोन पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उदयराज सिंह,मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह से बात करते हुए घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए एवं आदिवासी बालक राज कोल की दुखद घटना में हुए निधन पर शोक व्यक्त किया और अपने संदेश में कहा कि बालक की तो हम वापस नहीं ला सकते पर पर दुखी परिवार की शासन से हर तरह से मदद कराई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने डीएफओ गौरव शर्मा से बात कर परिवार की मदद एवं विजयराघवगढ़ विधानसभा का बहुत बड़ा हिस्से में वन्य जीवों की सक्रियता को देखते हुए तत्काल रूप से वन्य जीवों एवं मानव के बीच टकराव को रोकने के लिए फॉरेस्ट गार्ड, बीट गार्ड की पैट्रोलिंग बढ़ाने का आग्रह किया जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।


### कब्जाधारियों का बढ़ रहा हौसला, सिमट रहा नदियों का अस्तित्व

## नदियों का सीमांकन कराने कलेक्टर एवं निगम आयुक्त को सौंपा गया स्मरण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पर्यावरण मंच द्वारा शहर की नदियों का सीमांकन करवाने कलेक्टर एवं निगम आयुक्त को स्मरण-पत्र सौंपा गया। सौपे गये पत्र में बताया गया कि शहर से गुजरने वाली चारों नदियों के सीमांकन को लेकर संगठन, जन सहयोग स कई बार आंदोलन कर चुका है। नदियों के तटों को कब्जा मुक्त कराने के लिए कई बार प्रशासन से पत्र भी जारी होकर, जीसीबी को तटाँ पर खड़ा भी कर दिया गया है किंतु बिना अतिक्रमण हटाये उसे वापस लौटना पड़ जाता है। इससे साफ जाहिर है कि कब्जा धारियों की प्रशासन पर गहरी पकड़ है, जिनके सामने जिला प्रशासन लाचार दिखाई देता है। इससे जनता की नजर में प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है।

गत वर्ष 08 जुलाई 2024 और 19 जुलाई 2024 को इन चारों नदियों को कब्जा मुका कराने



के लिए जन आंदोलन किया गया था। मई 2025 में जिला कलेक्टर को पुनः स्मरण पत्र दिया गया किंतु जिला प्रशासन के द्वारा आज तक कोई सफल कार्यवाही नहीं की गई, जिससे कब्जाधारियों का हौसला और अधिक बढ़ गया।

### इन नदियों के सीमांकन की मांग

1. जलंगार नदी (रपटा नदी) 2. निवार नदी (दुगाडी नाला) 3. सिमरार नदी (माई नदी) 4. कटनी नदी (मुडवारा नदी)

मंत्र के पदाधिकारियों का कहना है कि भू माफियाओं के द्वारा उपरोक्त नदियों के तटों पर कब्जा कर बड़ी बड़ी इमारतै तान दी गई हैं, जिससे ये नदियों अपने अस्तित्व से जूझ रही हैं। वर्ष के आठ महीने इन नदियों में पानी की मात्रा नगण्य रहती है, जिससे शहर का भू- जल अत्यधिक नीचे जा चुका है और हर वर्ष गर्मियों के दिनों में, जनता पानी की किल्लत से परेशान हो जाती है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त नदियों का सीमांकन करवाकर, वृक्षारोपण करवाया जाए और इनके अस्तित्व के साथ साथ शहर के भविष्य को भी सुरक्षित किया जाए।

इस दौरान कमलेश पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी भारतीय मज़दूर संघ, पर्यावरण मंच के जिला संयोजक प्रशांत कुमटाकर,जिला उपाध्यक्ष नवीन तिवारी एवं विजय सिंह ठाकुर की उपस्थिति रही।

### पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में पर्यावरण मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन के प्रयोजन से गठित ईको क्लब के माध्यम से पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य इंद्र कुमार के संरक्षण और कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रवीण गर्ग व डॉ अजय कुमार गौड़ के निर्देशन में इको क्लब द्वारा सीड बैंक तथा पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएससी प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के बच्चों के द्वारा सीड बैंक डेवलप किया गया। इसके साथ ही पर्यावरण संबंधित पोस्टर, पेपर बैग, घोसलें, बैच, तथा अन्य कई सामग्री बनाई गई। पोस्टर तथा पेपर बैग प्रतियोगिता में प्राइस तथा सर्टिफिकेट वितरण भी किया गया। पोस्टर में अंजलि राजपूत प्रथम, निशा लोधी द्वितीय, प्रीति बरमन तृतीय तथा पेपर बैग में शालिनी प्रथम, शीतल द्वितीय, राधा तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में ईको क्लब प्रभारी डॉ प्रवीण गर्ग, डॉ अजय कुमार गोंड, श्रीमती मंजू द्विवेदी, सुश्री दिव्या तिवारी, नवीन गौतम, विनय कुमार जैन, राजेन्द्र कुमार उइके, ज्योति ताम्रकार, डॉ प्रीति तिवारी का योगदान रहा।

## पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने पर दो राइस मिल बंद, कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी के क्षेत्रीय अधिकारी ने तहसील ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ स्थित दो राईस मिलों को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया है। यह कार्यवाही जनसुनवाई में पर्यावरण नियमों के उल्लंघन संबंधी कलेक्टर आशीष तिवारी के मामला संज्ञान में आने के बाद की गई है।

म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तहसील ढीमरखेड़ा के ग्राम खमरिया स्थित राहुल गुप्ता (राईस मिल) का निरीक्षण 26 नवंबर को किया गया। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ के ग्राम सिनगौडी स्थित मेसर्स कृष्णा धान मिल का निरीक्षण 3 दिसंबर को किया गया।

निरीक्षण के दौरान इन दोनों राइस मिल का संचालन बोर्ड की स्थापना व उत्पादन सम्मति प्राप्त किये बिना तथा सक्षम एवं प्रभावी वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था स्थापित किये बगैर किया जाना पाया गया। पर्यावरणीय अधिनियम में दिये गये प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक उद्योग को संचालन एवं उत्पादन करने हेतु बोर्ड से जल अधिनियम 1974 एवं वायु अधिनियम 1981 के अन्तर्गत सम्मति प्राप्त करना तथा प्राप्त सम्मति का अद्यतन नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य है।

इन दोनों राइस मिल में पर्यावरणीय अधिनियमों में दिये गये प्रावधानों के अनुसार सक्षम एवं प्रभावी वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था स्थापित न करते हुए खुले परिसर में भूसी का भण्डारण किया जा रहा था, जो कि पर्यावरणीय अधिनियमों में दिये गये प्रावधानों का उल्लघंन है।

क्षेत्रीय अधिकारी श्री तिवारी ने इन दोनों राईस मिल को नियमों के उल्लंघन का दोषी मानते हुये संस्था का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि. कटनी द्वारा मिल को प्रदत्त विद्युत कनेक्शन विच्छेदित करने के निर्देश दिये है। क्षेत्रीय अधिकारी ने राईस मिल सचालकों को जारी आदेश की पावती भेजने व आदेशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अन्यथा वायु अधिनियम की धारा 37 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही की जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी मिल संचालकों की होगी।

### ग्राम कौड़िया में हुई थी घटना, आश्वासन के बाद माने ग्रामीण

## युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, तीन घंटे आवागमन रहा अवरूद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ग्राम कौड़िया में विद्युत लाईन सुधार कार्य के दौरान सोमवार को विद्युत पोल गिरने से हुई 40 वर्षीय मुकेश शुक्ला की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने मंगलवार को कौड़िया तिराहा पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह हादसा विद्युत मंडल और ठेकेदार की लापरवाही के कारण हुआ। लाइन सुधार के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया गया, जिससे यह दर्दनाक घटना हुई।

ग्रामीणों ने बतलाया कि मुकेश शुक्ला सोमवार को घर के बाहर गिरती हुई सर्विस लाइन को ठीक करने लगे थे, तभी एक क्षतिग्रस्त विद्युत खंभा उनके ऊपर गिर गया। उन्हें गंभीर रूप से घायल अवस्था में तुरंत जिला अस्पताल कटनी ले



जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

ग्रामीणों ने प्रदर्शन के दौरान ठेकेदार तथा विद्युत विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। चक्काजाम विरोध प्रदर्शन में संत ब्रह्मनंद दास महाराज भी शामिल हुये। जानकारी लगते ही मौके पर जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, तहसीलदार सारिका रावत, नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, थाना प्रभारी सुदेश सुमन, सहायक अभियंता विद्युत विभाग अभिषेक गढ़ेवाल पहुंचें।

प्रशासनिक अधिकारियो व विद्युत विभाग के अधिकारियो के द्वारा ग्रामीणों को बहुत समझाया लेकिन ग्रामीण नही माने। लगभग 3 से 4 घंटे तक चक्काजाम प्रदर्शन चला, जिस कारण स्लीमनाबाद से बहोरीबंद मार्ग में आवागमन अवरुद्द रहा। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियो से मृतक के किसी एक बेटे को सरकारी नौकरी के साथ बड़े स्तर पर राहत राशि की मांग कर रहे थे जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियो ने आश्वासन दिया कि मृतक के एक बेटे को विद्युत विभाग को आउट सोर्स पर नौकरी देने की बात रखी, साथ विद्युत सुधार कार्य कर रही यूनिवर्सल कम्पनी की ओर से भी दुर्घटना की राहत राशि दिलाने की बात कही। बतलाया कि दुर्घटना पर 4 लाख रूपये की राशि संबल योजना के तहत मिलेगी। साथ ही मौक़े पर मृतक परिवार को अंत्योष्टि कार्य के लिए 50 हजार रूपये की राशि नगद प्रदान की गईं ओर 50 हजार की राशि चार-पांच दिन बाद देने की बात कही गईं। ग्रामीणों की जो मांगे थे उसमें लिखित पंचनामा अधिकारियो के समक्ष तैयार हुआ, उसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम प्रदर्शन बंद किया।

### पचमठा धाम में चल रही भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

## धूमधाम से मनाया रुक्मणी विवाह, रासलीला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ पचमठा धाम में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा मे छठवें दिन बृज की लीलाओं का वर्णन करते हुए बृहद रासलीला एवं श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की कथा का वर्णन किया गया। कथा व्यास अचार्य अनुज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि विदर्भ की राजा भीष्म की सुपुत्री मनवाणी और हृदय से भगवान कृष्ण को अत्यंत चाहती थी किंतु रुक्मणी के पिता एवं भाई श्री कृष्ण से द्वेष मानते थे उन्होंने रुक्मणी का विवाह शिशुपाल से करना तय कर दिया था जब रुक्मणी को इस बात का पता लगा तो उन्हें भगवान कृष्ण के पास पत्र भेज कर अपना अपहरण करने का आग्रह





किया पत्र पढ़ते ही भगवान कृष्ण ने रुक्मणी के अनुसार ही किया और रथ में बैठकर रुक्मणी का हरण कर स्वयं विवाह कर लिया।

कथाव्यास शास्त्रीजी ने रुक्मणी को लक्ष्मी रूप में बताया। कहां की लक्ष्मी नारायण से दूर कैसे रह सकती है। कृष्ण एवं रुक्मणी की झांकी सजाकर विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। इस विवाह उत्सव में रुक्मणी एवं कृष्ण की झांकी सजाकर बैंड बाजा की धुन में आकर्षक आतिशबाजी के साथ बारात नगर भ्रमण करते हुए वापस कथा पंडाल पहुंची जहां विवाह की समस्त रसमें पूर्ण की गई लोगों ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी के पैर पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया सुंदर झांकियों के साथ रासलीला की प्रस्तुतियां भी वृंदावन के कलाकारों द्वारा लोगों का मन मोह लिया लोगों ने झांकियां के साथ सुंदर नृत्य किया। इस अवसर पर पचमठा धाम पूर्ण रूप से वृंदावन जैसे नजरा दिखाई दे रहा था।

इस अवसर पर हरीश दुबे तहसील अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष मंजू लता बर्मन जयवंत सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष श्रीराम सोनी संता विश्वकर्मा नगर परिषद उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन रवि सिंह परिहार महेंद्र दुबे आदि उपस्थित रहे।

## निजी अस्पताल प्रबंधन पर बंधक बनाने एवं पैसे मांगने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनी निवासी बालकिशन पटेल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है जिसमें एमजीएम हॉस्पिटल प्रबंधन पर अपने ही कर्मचारियों को घंटों बंधक बनाकर रखने के आरोप लगे हैं। एसपी को दिये गये आवेदन में बताया कि वे पिछले आठ वर्षों से एमजीएम अस्पताल के मेडिकल स्टोर में कार्यरत हैं। 23 दिसंबर की दोपहर से 24 दिसंबर की रात करीब 11 बजे तक उसे और उनके तीन अन्य साथियों यशवंत पटेल, राहुल पटेल और राहुल रजक को अस्पताल प्रबंधन द्वारा अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा गया। शिकायत में कहा गया है कि चारों कर्मचारियों पर 60 लाख रुपये की चोरी का झूठा आरोप लगाया गया और प्रत्येक से 15-15 लाख रुपये देने का दबाव बनाया गया।

पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो चुकी है और इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। सभी संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आरोप निराधार

एमजीएम हॉस्पिटल प्रबंधन के संजय तिवारी का कहना है कि बंधक बनाने के आरोप पूरी तरह निराधार है। मेडिकल स्टोर के अकाउंट में काफी समय से बिलों को एडिट कर राशि का गबन किया गया है, पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है, विवेचना के बाद सत्यता सामने आ जावेगी।

## खबर संक्षेप

### मां जालपा मंदिर में भजन संध्या आज

**कटनी।** मां जालपा मंदिर में नए वर्ष की पूर्व संध्या पर आध्यात्मिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आज 31 दिसंबर को जालपा धाम में "एक शाम मां जालपा के नाम" भव्य भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। भक्तिमय होगा नए साल का स्वागतकार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर के प्रधान पुजारी लालजी पंडा ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ रात्रि 8 बजे से होगा। इस दौरान बजरंग बाल रामायण समाज के कलाकारों द्वारा रामायण पाठ की प्रस्तुति दी जाएगी, तत्पश्चात भक्तिमय भजनों की श्रृंखला देर रात तक चलेगी। जालपा भगत समाज के सदस्यों का कहना है कि नए वर्ष की शुरुआत मां के आशीर्वाद और सामूहिक संकीर्तन के साथ करने की परंपरा को इस वर्ष भी भव्य रूप दिया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### ओवरलोड परिवहन पर 64 हजार रूपए का जुर्माना

**कटनी।** ओवरलोड परिवहन पर ट्रक चालक के विरूद्ध न्यायालय ने 64 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। ओवरलोडिंग एवं नियम विरुद्ध तरीके से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है लेकिन पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गत 27 दिसंबर को चैकिंग के दौरान ट्रक क्रमांक MP 19 HA 1920 का चालक सत्यकुमार पिता लक्ष्मण कुशवाहा मालवाहक वाहन में क्षमता से अधिक माल लोड कर परिवहन करते पाया गया। उक्त वाहन चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय की कार्यवाही की गई थी। 29 दिसंबर को उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय पेश करने पर माननीय न्यायालय द्वारा वाहन चालक एवं वाहन मालिक के विरुद्ध कुल 64 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### संचार संकर्म समिति की बैठक 7 जनवरी को

**कटनी।** संचार संकर्म समिति की बैठक का आयोजन 7 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभागार में किया जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल विकास निगम, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 2 वर्ष में कराये गये निर्माण कार्यों की समीक्षा की जायेगी। संचार संकर्म समिति के सचिव ने बैठक मे सभापति अजय कुमार गौटिया सहित सदस्य संचार संकर्म समिति जिला कटनी सर्व श्रीमती शीला सिंह, सुश्री माला मौसी, श्रीमती कविता पंकज राय के साथ-साथ सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को मौजूद रहने का आग्रह किया है।

### गंदगी फैलाने पर 2900 रुपये का स्पॉट फाइन

**कटनी।** नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा जोनवार स्वच्छता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के विभिन्न जोनों में चलाए गए अभियान में निरीक्षण के दौरान स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 2 हजार 900 रूपये की स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सोमवार को जोनवार चलाए गए अभियान के दौरान जोन क्रमांक 2 बस स्टैंड, जोन क्रमांक 3 माई नदी से दुबे कॉलोनी तक तथा जोन क्रमांक 4 माधवनगर बाजार क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, कचरा निर्धारित स्थान पर न डालने तथा स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वाले व्यक्तियों एवं दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 2 हजार 900 रुपये का स्पॉट फाइन वसूल किया गया।

---

निगमायुक्त ने सीवर लाइन विस्तार कार्य, एस.टी.पी प्लांट एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का किया निरीक्षण

# एम.एस.डब्लयू प्लांट में फ्रेश वेस्ट का निस्तारण नहीं करने पर लगाई फटकार, थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर में आधारभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम प्रशासन द्वारा अमृत योजना के तहत नगर के विभिन्न स्थलों में चल रहे सीवर लाईन विस्तार कार्य, माधवनगर में निर्माणाधीन सीवर ट्रीटमेंट प्लांट सहित प्रधानमंत्री आवास योजना प्रथम चरण के तहत झिंझरी में निर्माणाधीन एलआईजी, एमआईजी एवं ईडब्लयू एस भवनों की प्रगति का मंगलवार प्रातः आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त नें मौके पर चल रहे कार्य की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया तथा निर्माण की प्रगति, स्थल पर उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्था एवं गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक दिशा- निर्देश प्रदान किये गए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार नें बरगवां एवं माधवनगर से निरंकारी भवन तक चल रहे सीवर विस्तार एवं रोड रेस्टोरेश कार्य के निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन की गहराई, जोड़ों की मजबूती, उपयोग में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता तथा तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य निष्पादन का बारीकी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आगामी 10 दिवस में कार्य पूर्ण करनें के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त नें कार्यस्थल के आसपास की धूल एवं मिट्टी की सफाई कराकर कार्य के दौरान निरंतर पानी का छिड़काव करनें के निर्देश दिए। वहीं बिलहरी मोड में चल रहे कार्य के निरीक्षण के दौरान रोड हार्ड होने के कारण कम प्रगति होने की जानकारी दिये जाने पर निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा अतिरिक्त मशीन एवं मेन पावर लगाकर समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने कहा कि सीवर लाइन विस्तार कार्य भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, इसलिए इसकी गुणवत्ता दीर्घकालीन और टिकाऊ होनी चाहिए। उन्होंने समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर देते हुए स्पष्ट किया कि अनावश्यक विलंब अथवा कार्य की धीमी गति पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कटाएघाट से डन कॉलोनी तक किये जाने वाले सीवर कार्य के प्रारंभ होने से पूर्व टी.आई यातायात से समन्वय बनाते हुए प्लानिंग तैयार कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए निगमायुक्त सुश्री परिहार ने निर्देशित किया कि कार्य के दौरान यातायात एवं पैदल चलने वालों की सुरक्षा हेतु संकेत एवं बेरिकेड्स अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, जिससे नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### समानुपातिक प्रगति लाकर शेष कार्य शीघ्र करें पूर्ण

माधवनगर में निर्माणाधीन 750 एमएलडी प्लांट के निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेंसी द्वारा शेष कार्य को पूर्ण करानें हेतु प्रस्तुत की गई समय सीमा के अनुरूप स्थल पर कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए अतिरिक्त मशीनरी एवं मेन पावर लगाकर कार्य में समानुपातिक प्रगति लाने के सख्त हिदायत दी गई। इसके उपरांत निगमायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना प्रथम चरण के तहत झिंझरी में निर्मित एलआईजी एमआईजी एवं ईडब्ल्यूएस भवनों का निरीक्षण कर अधिकारियों से योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी ली।

### जताई नाराजगी, नोटिस जारी

निगमायुक्त द्वारा एमएसडब्ल्यू प्लांट के निरीक्षण के दौरान प्लांट में फ्रेश वेस्ट का निर्धारित समय पर प्रसंस्करण नहीं होना पाए जानें पर नाराजगी व्यक्त की जाकर प्लांट हैड एवं इंडीपेंडेंट इंजीनियर युगल दुबे को नोटिस जारी करानें के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त द्वारा कचरा वाहनों में लगे जीपीएस सिस्टम की निरंतर मॉनिटरिंग करने, कचरा गाड़ियों के कचरे की माप करने तथा नगर निगम द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को इस कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करनें सख्त हिदायत भी दी गई।

### कैमरा लगाने दिये निर्देश

निगमायुक्त ने अमीरगंज स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौवंश के लिए उपलब्ध चारा, स्वच्छ पेयजल, शेड, साफ-सफाई, अपशिष्ट निस्तारण एवं पशु स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तार से निरीक्षण कर गौशाला में कैमरा स्थापित करानें के निर्देश दिए।

---

### 3 लाख रुपये से अधिक का विकास शुल्क जमा

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशों के परिपालन में नगर की अनधिकृत कालोनियों के निवासियों से विकास शुल्क की राशि जमा कराकर वार्डो में अधोसंरचना विकास कार्य सुनिश्चित करने हेतु मंगलवार को पुनः तीन वार्डो में शिविर का आयोजन किया जाकर क्षेत्रीय रहवासियों से वार्ड में ही विकास शुल्क की राशि जमा कराने की सुविधा प्रदान कर 3 लाख 3 हजार रुपये की राशि निगम कोष में जमा कराई गई। नोडल अधिकारी एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 3 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में पहरूआ स्कूल के पास आयोजित शिविर में 59 हजार रुपये का विकास शुल्क जमा किया गया। वहीं इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 के शिवाजी नगर, बालाजी नगर में आयोजित शिविरों का नागरिकों द्वारा भरपूर लाभ प्राप्त करते हुए 1 लाख 42 हजार रुपये का विकास शुल्क जमा कराया गया। जबकि राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 5 के अहमदनगर में आयोजित शिविरों में विकास शुल्क के पेटे 10 हजार रुपये जमा किए गए। इसी प्रकार नगर निगम कार्यालय में भी 92 हजार रुपये का विकास शुल्क जमा किया गया। आयोजित शिविर के दौरान निगम के शिविर प्रभारी सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

---

*चेकिंग प्वाइंट लगाये गये, होटलों एवं ढाबों में भी की जाएगी जांच*

# नव वर्ष में हुडदंग पड़ेगी भारी, शोर शराबा एवं शराबखोरी पर रहेगी पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



नूतन वर्ष 2026 का आगाज बुधवार की रात्रि 12 बजते ही हो जायेगा। नूतन वर्ष पर किसी भी प्रकार का खलल न हो इसके लिए पुलिस ने भी तैयारियां कर ली। नए वर्ष पर हुडदंग व शराबखोरी करने वालों पर पुलिस का डंडा चलेगा। पुलिस ऐसे स्थानों पर विशेष नजर रखेगी तथा कोई भी गड़बड़ी की शिकायत मिली तो तत्काल एक्शन लिया जाएगा।

स्लीमनाबाद पुलिस अनुभाग के पांचो थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम मंगलवार को शाम से वाहन चैकिंग के साथ ही होटल ढाबों की जांच करना शुरू कर दी। सोमवार की रात बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया पुलिस बल के साथ रेस्टोरेंट, ढाबो के साथ -चौराहो का निरीक्षण किया अनावश्यक रूप से रात्रि में घूम रहे लोगों से पूछताछ कर सख्त हिदायत दी ओर वाहनों की सघन चेकिंग की गईं।

नये साल के स्वागत की तैयारियां स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व बाकल क्षेत्र मे जोर-शोर से जारी हैं। नए साल के पहले दिन की शुरूआत मंदिर में अपने आराध्य देव के दर्शन से ही करना चाहते हैं। इसलिए मंदिरों को पूरे दिन खुला रखा जाएगा। पुलिस और प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयारी कर ली है।

थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश कुमार सुमन ने बताया कि न्यू ईयर पर अवैध शराब का परिवहन और रेस्टोरेंट पर अवैध रूप से शराब न परोसी जाए इसे लेकर टीम मॉनीटरिंग और कार्रवाई करेगी। न्यू ईयर पर अगर कोई हंगामा या शराब पीकर गलत तरीके से गाड़ी चलाता है तो तत्काल उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि वह जिस रूट पर वाहन दौड़ा रहा है, उस पर लगा चेकिंग पॉइंट वाहन रोक कर कार्रवाई कर सके। अगर कोई तेज आवाज में डीजे बजाता है तो उसके खिलाफ भी शिकायत कर, कार्रवाई करा सकते हैं। नए साल के आयोजन पर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये पुलिस तैनात रहेगी। इन चेकिंग पॉइंट्स पर शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले एवं तेज रफ्तार वाहनों की धरपकड़ की जाएगी।

### इनका कहना है

एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी का कहना है कि नूतन वर्ष को लेकर पुलिस अनुभाग के सभी थाना क्षेत्रों में चैकिंग पाइंट लगाए गए है। इस दौरान वाहनों की जांच, ब्रीथ एनालाइजर से वाहन चालकों की जांच, काली फिल्म की जांच की जाएगी। होटल ढाबों पर पुलिस टीम पहुंचकर जांच करेगी। हुडदंग करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

---

## गोबर कंपोस्ट एवं जीवामृत खाद बनाने दिया प्रशिक्षण



शासकीय आर.के. गौतम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मुरवारी विकासखंड ढीमरखेड़ा में कृषि विषय का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करते हुए जैविक खेती की व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने ग्राम में उपलब्ध कचरा एवं गोबर से कम लागत तकनीक के अंतर्गत गोबर कंपोस्ट तैयार करने की विधि, शीघ्र खाद के रूप में मटका खाद तथा जीवामृत खाद बनाने एवं फसलों में इनके उपयोग की तकनीकी जानकारी दी। विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने बताया कि जैविक खाद में लगभग 20 प्रतिशत नमी होना आवश्यक है, जिससे उसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध रहते हैं। बिना गोबर कंपोस्ट तैयार किए अधसड़ा गोबर खेत में डालने से नींदा एवं दीमक की समस्या बढ़ती है। पोषक तत्वों की कमी के कारण फसल उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि चार माह में तैयार होने वाली गोबर कंपोस्ट को बोनी से पूर्व खेत की जुताई के समय 20 से 25 टन प्रति हेक्टेयर की मात्रा में देना लाभकारी होता है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को मटका खाद एवं जीवामृत खाद के निर्माण एवं उपयोग की विधि का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

---

# अचानक बढ़ी ठंड से राहत दिलाने अलाव एवं रैन बसेरा में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मौसम में अचानक आई गिरावट एवं तीव्र ठंड को दृष्टिगत रखते हुए नगर के सड़क किनारे रहने वाले, श्रमिक, वृद्धजन एवं असहाय एवं जरूरतमंद नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शहर में संचालित अलाव एवं रैन बसेरा की व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी व सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए हैं।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल परिसर सहित मुख्य चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अलाव की संख्या आवश्यकतानुसार बढ़ाने तथा नियमित रूप से अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही उन्होंने अलाव के लिए पर्याप्त लकड़ी का भंडारण पूर्व से ही करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसी भी समय आपूर्ति बाधित न हो। वही बस स्टैंड के रैन बसेरा में ठहरने वाले लोगों के लिए साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, कंबल, बिस्तर, पीने का पानी एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैन बसेरों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की जाए।

इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों को रात्रि कालीन भ्रमण कर जरूरतमंदों को रैन बसेरों तक पहुंचाने एवं ठंड से बचाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुपालन में अधिकारियों द्वारा अलाव एवं रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाकर अलाव संख्या बढ़ाने तथा जरूरतमंद लोगों को वाहन के माध्यम से रैन बसेरा पहुंचाने की आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्पष्ट किया कि इस जनहित के कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा शीतलहर से बचाव हेतु नगर निगम का संबंधित अमला पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करे।

---

*पुलिस द्वारा प्रारंभ की गई पहल के मिलने लगे सार्थक परिणाम*

# आटो चालकों को वितरित किये गये बैच व क्यूआर कोड, ईमानदारी पर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



महिलाओं एवं यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा को ध्यान में रखकर पुलिस द्वारा शुरू की गई नवाचारपूर्ण पहल आपका सारथी कौन अब ज़मीन पर प्रभावी रूप से परिणाम देती दिखाई दे रही है। इस पहल को न केवल यात्रियों का भरपूर समर्थन मिला है, बल्कि आमजन ने क्यूआर कोड के माध्यम से सकारात्मक फीडबैक देकर पुलिस के प्रयासों की खुलकर सराहना की है। यात्रियों द्वारा दिए गए फीडबैक में बेहतर व्यवहार, सुरक्षित आवागमन और उचित यात्रा शुल्क की प्रशंसा की गई है। वहीं दूसरी ओर, नशे की हालत में वाहन चलाने या अभद्र व्यवहार करने वाले ऑटो/ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध कटनी पुलिस द्वारा सख्त एवं निरंतर कार्रवाई भी की जा रही है, जिससे यह संदेश साफ है कि सुरक्षा और अनुशासन से कोई समझौता नहीं होगा।

जनता से प्राप्त उत्कृष्ट फीडबैक के आधार पर ईमानदारी, संवेदनशीलता और जिम्मेदार व्यवहार का परिचय देने वाले चालकों को सम्मानित किया गया अरविन्द अहिरवार (बैच नंबर–08), सुनील कुमार यादव (बैच नंबर–23), दीपक कुमार सोनी (बैच नंबर–36), जिन्होंने एक महिला यात्री का ऑटो में छूटा बैग सुरक्षित लौटाकर मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की। गत दिवस 100 ऑटो/ई-रिक्शा चालकों को क्यूआर कोड सहित बैच नंबर वितरित किए गए। इससे यात्रियों को चालक की पहचान, संपर्क विवरण और फीडबैक देने की सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी, जो पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक मजबूत कदम है।

पुलिस एवं आरटीओ विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लाइसेंस शिविर में 135 ऑटो चालकों के लर्निंग लाइसेंस के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 35 चालकों के लर्निंग लाइसेंस मौके पर बनाए गए। यह पहल न केवल नियमों के पालन को बढ़ावा देती है, बल्कि सड़क सुरक्षा को भी सुदृढ़ करती है। आपका सारथी कौन जैसी पहलें यह दर्शाती हैं कि कटनी पुलिस केवल कानून प्रवर्तन तक सीमित नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान को प्राथमिकता देने के लिए सतत नवाचार कर रही है।

---

विद्यार्थियों को करे प्रोत्साहित व संस्कारित ताकि बन सके सुसभ्य नागरिक

# प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने प्राथमिक स्कूलों में एफएलएन मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



प्राथमिक स्कूलों में एफएलएन मेला आयोजित किया गया।

स्लीमनाबाद जन शिक्षा केंद्र की सभी प्राथमिक स्कूलों मे फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यू मेरेसी (एफएलएन) मेले के द्वतीय चरण का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की भाषा एवं गणितीय दक्षता को मजबूत करना ओर शिक्षा को खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से रोचक बनाना था। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान कौशल का विकास करने के लिए निपुण भारत के नाम से राष्ट्रीय पहल की गई है। इसके अंतर्गत मिशन अंकुर के नाम से कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों को जिन बुनियादी दक्षताओं में निपुण किया जाना है। उन दक्षता को हासिल करने के लिए शासकीय

मंगलवार को प्राथमिक स्कूलों में आयोजित एफएलएन प्रशिक्षण मेला में हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषयों की प्रारंभिक दक्षताओं में बच्चों को कैसे निपुण किया जाए इसके लिए तैयार की गई पुस्तकें, सहायक सामग्रियों का उपयोग विभिन्न शिक्षण सामग्री का ज्ञान, बच्चों का मूल्यांकन एवं समग्र प्रगति पत्रक तैयार करने का तरीका आदि बिंदुओं के साथ-साथ शालाओं में आ रही चुनौतियां और उपलब्धियो की समीक्षा की गई।

स्लीमनाबाद व छपरा एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला में संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर ओर जनशिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी पहुंचें यहाँ उन्होंने मौजूद कक्षा पहली ओर दूसरी के बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनके द्वारा प्रस्तुत की जा रही रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों जैसे रंगों की पहचान, सीधी खिची रेखा पर संतुलन बनाकर चलने, चीजों के पृथक्करण आदि का अवलोकन किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विविध शैक्षणिक खेल, चार्ट प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। विधायक ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एफ़एलएन मेला बाल शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने यहाँ आए बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया कि मेले में आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को उनकी प्रतिभा निखारने और चीजों की समझ विकसित करने का मौका मिलेगा। स्लीमनाबाद जन शिक्षा केंद्र के सभी प्राथमिक शालाओं मै आयोजित हुये एफएलएन मेला मै जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुये।

### यह है एफएलएन मेला

जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी ने बताया कि एफएलएन मेला का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा की नींव को मजबूत करना है। यह मेला खासतौर पर कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाता है, जिसमें उनकी पढने, लिखने और गणित समझने की क्षमता को बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां करवाई जाती हैं। मेले की मुख्य विशेषताए हैं कि शिक्षा को रोचक और व्यावहारिक बनाने के लिए इंटरएक्टिव सत्र, खेल-खेल में गणितीय और भाषाई दक्षता का विकास, विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करना, बच्चों के लर्निंग आउटकम को सुधारने पर जोर देना।

---

# नगर निगम में सामूहिक विवाह का आयोजन 23 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम कटनी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त में सामूहिक विवाह, निकाह का आयोजन किया जा रहा है। गरीबी रेखा के अंतर्गत पंजीकृत कन्या पक्ष के हितग्राही इस योजना के तहत आवेदन कर सकते है। योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 जनवरी 2026 निर्धारित है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने योजना का पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है।

नगर निगम के नोड़ल अधिकारी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सनद विश्वकर्मा नें बताया कि योजनान्तर्गत वधु को 49 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर किये जायेंगे तथा राशि 6 हजार रुपये प्रति जोडों के मान से आयोजनकर्ता निकाय को दिये जायेंगे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने हेतु इच्छुक आवेदक वर तथा कन्या की तीन फोटो, वर एवं कन्या का आधार कार्ड की छायाप्रति, गरीबी रेखा राशन कार्ड की छायाप्रति, कन्या के बैंक खाता की छायाप्रति, कन्या का मूल निवासी प्रमाण पत्र, वर एवं कन्या का समग्र परिवार आई.डी ई-के.वाई.सी सहित, जन्मतिथि संबंधी दस्तावेज वर एवं कन्या की वोटर आईडी के साथ आवेदन निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 66 में जमा कर सकते है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कन्या का नगर निगम कटनी सीमा का मूल निवासी होने के साथ ही कन्या की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष तथा वर की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### नव वर्ष पर एक दिवसीय मेले की तैयारियां प्रगति पर

**पवई।** पन्ना जिले के पवई के सिद्ध स्थल हनुमान भाटे मां कलेही देवी मंदिर में नव वर्ष एक जनवरी को एक दिवसीय मेला लगता है,जिसमें लाखों लोग शामिल होते हैं,जिसकी व्यवस्थाओं के लिए राजस्व, नगर परिषद,सुरक्षा व कानून व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सोमवार की देर शाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना वंदना सिंह चौहान ने हनुमान भाटे पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, एवं एस डी एम समीक्षा जैन थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी एवं नगर परिषद से आशीष पटेल ने भी यातायात व्यवस्था पार्किंग स्थल सहित समूचे मेला क्षेत्र निरीक्षण किया गया साथ ही पुलिस बल की तैनाती की रूप रेखा बनाई। यातायात व्यवस्था और मार्ग परिवर्तन को लेकर थाना प्रभारी अरविंद त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिमरिया मोहन्द्रा से पवई आने वाले लोगों को सिमरिया अमानगंज मार्ग से आना होगा वहीं कटनी से दमोह सिमरिया जाने वाले लोग अमानगंज होते हुए सिमरिया से जाएंगे। पवई मोहंद्रा मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। इसके अलावा उन्होंने सभी नगर एवं क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं देते हुए यह अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं,यातायात नियमों का पालन करें,नाबालिक बच्चों को वाहन न दें और हेलमेट लगाकर ही दो पहिया वाहन चलाएं।

### पन्ना जिले में कोहरे और सर्दी का सितम, विजिबिलिटी न के बराबर

**पवई।** देश प्रदेश के साथ-साथ पन्ना जिले में भी सर्दी और कोहरे का सितम जारी है। नगर सहित पूरे क्षेत्र में भीषण सर्दी का प्रकोप और कोहरा देखा जा रहा है,जिसकी वजह से होने वाली ठिठुरन से लोग अपने-अपने घरों में रहने के लिए मजबूर है।

ग्रामीणों की सुनी समस्याएं निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

# चंदना में कलेक्टर ने लगाई जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



सोमवार को देर रात दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर तेंदूखेड़ा ब्लॉक के चंदना गांव पहुंचे और रात्रि चौपाल लगाई। इसमें आसपास के सैकड़ों ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरव गंधर्व जनपद सीईओ मनीष बागरी तहसीलदार विवेक व्यास नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी सहायक यंत्री एस के राज उपयंत्री खेम सींग मरावी आवाज प्रभारी रोहित यादव सरपंच सचिव सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर चंदना गांव में जन चौपाल के लिए पहुंचे थे। हर्रई और आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण अपनी मूलभूत समस्याएं लेकर आए। इनमें सड़क, पानी की कमी और छात्रों के लिए स्कूल आवागमन जैसी दिक्कतें शामिल थीं। कलेक्टर ने सभी ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत फोन किया। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान के संबंध में जानकारी दी और जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। देर रात तक चली इस चौपाल में ग्रामीणों की काफी भीड़ दिखाई दी।

ग्रामीणों ने बताया, यह पहली बार है जब उन्हें जिला स्तर के अधिकारी के समक्ष सीधे अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिला, जिससे उनमें संतोष और विश्वास का भाव उत्पन्न हुआ है। चौपाल में संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि जिला प्रशासन लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए नियमित रूप से ऐसी रात्रि चौपालें आयोजित करता है। इसी कड़ी में चंदना गांव में यह जन चौपाल लगाई गई, जहां ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए।

# बैलगाड़ी पर ढोना पड़ा ट्रांसफार्मर

## विद्युत विभाग की लापरवाही से किसान बेहाल, सरकार के दावों की खुली पोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

एक ओर सरकार आधुनिक सुविधाओं और किसानों की आय दोगुनी करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर बांदकपुर विद्युत केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुड़ारी से सामने आई यह तस्वीर इन दावों की हकीकत उजागर कर रही है। यहां हरी सींग के खेत पर लगा 25 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले पांच दिनों से खराब पड़ा रहा, लेकिन विद्युत विभाग की ओर से न तो समय पर सुधार किया गया और न ही ट्रांसफार्मर बदलने के लिए कोई विभागीय वाहन भेजा गया।

### पांच दिन तक इंतज़ार, फिर बैलगाड़ी बनी मजबूरी

लगातार शिकायतों के बावजूद जब विद्युत विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया, तो मजबूर किसानों ने भारी-भरकम ट्रांसफार्मर को बैलगाड़ी पर लादकर खेतों से मुख्य सड़क तक पहुंचाया। इसके बाद किसानों को अपने खर्चे पर निजी वाहन से ट्रांसफार्मर को विद्युत वितरण केंद्र भेजना पड़ा, वहीं नया ट्रांसफार्मर भी निजी साधनों और बैलगाड़ी के सहारे खेतों तक लाना पड़ा।

### हमारे पास वाहन नहीं' — विभागीय तर्क

किसानों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों ने साफ शब्दों में कह दिया कि"हमारे पास वाहन की सुविधा नहीं है, इसलिए खराब ट्रांसफार्मर किसानों को ही केंद्र तक लाना होगा और नया ट्रांसफार्मर भी अपने साधनों से ले जाना पड़ेगा।" यह बयान विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### बैलगाड़ी बनी विभागीय नाकामी की तस्वीर

यह दृश्य उस बदहाल व्यवस्था की तस्वीर है, जहां आधुनिक युग में भी किसानों को बैलगाड़ी का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने न तो ट्रांसफार्मर उठाने में रुचि दिखाई और न ही समय पर समाधान किया।

### बिजली नहीं मिलने से सूखती फसलें

किसानों को 10 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए रखा ट्रांसफार्मर खराब होने से स्थायी कनेक्शन धारक किसानों को बिजली मिल नहीं मिल पा रही थी और सिंचाई व्यवस्था ठप होने से फसलें प्रभावित हो रही हैं और खेती पर निर्भर परिवारों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है।

### नियमों का खुला उल्लंघन

नियमों के अनुसार खराब ट्रांसफार्मर को बदलने और उसके परिवहन की पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होती है, लेकिन ग्राम मुड़ारी में इन नियमों की खुलेआम अनदेखी की गई। किसानों को न केवल बैलगाड़ी का इंतज़ाम करना पड़ा, बल्कि निजी वाहन का खर्च भी अपनी जेब से उठाना पड़ा।

### किसानों की दो टूक मांग

पीड़ित किसानों निरपत सिंह मुड़ारी, लाल सिंह मुड़ारी, तिलक सिंह मुड़ारी, मजबूत सिंह मुड़ारी, गोपाल सिंह रियाना, नरेश सिंह रियाना, दशरथ सिंह रियाना एवं बीरन सिंह मुड़ारी ने मांग की है कि

### दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो

भविष्य में किसानों को इस तरह की अपमानजनक और मजबूर करने वाली स्थिति से न गुजरना पड़े

जब इस संबंध में विभागीय अधिकारियों में जेई बांदकपुर से लेकर डी ई दमोह को मोबाइल नंबरपर बार बार फोन लगाया गया तो फोन रिसीव नहीं किया गया।

# सतना विधायक पहुंचे बटियागढ़



**बटियागढ़।** मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व सतना विधायक माननीय सिद्धार्थ कुशवाहा का दोपहर 2 बजे बटियागढ़ आगमन हुआ। साथ में राव बृजेंद्र सिंह, बसंत कुशवाहा उपस्थित रहे। बटियागढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश पटेल , अमजद खान, डॉ. चरण सिंह समस्त कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

# खेजरा में हुआ एफएलएन मेले का आयोजन

**हटा।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार आज शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला खेजरा खुर्द में द्वितीय चरण का बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के संबंध में कक्षा पहली दूसरी के छात्रों और उनके अभिभावकों खासतौर से माताओं को आयोजित मेले में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।मेले में पांच काउंटर लगाकर बच्चे के संबंध में अभिभावकों को अवगत कराया गया जिसमें बच्चे को भाषा गणित के साथ शारीरिक गतिविधियां कराकर रिपोर्ट कार्ड में अंकित किया गया ये रिपोर्ट कार्ड अभिभावक को प्रधानाध्यापक श्रीमति विनीता श्रीवास्तव एवं एफएलएन प्रभारी दिनेश कुमार प्यासी द्वारा प्रदान किए गए मेले के आयोजन में शिक्षक आनंद पटेल और श्रीमति गुंजल सराफ का विशेष सहयोग रहा।



# माधो की रोड निर्माण की स्वीकृति निरस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा




नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के तत्वाधान में भैंसा,फुलर, मझगुवा,सरसेला एवं माधौ की संयुक्त बैठक का आयोजन ग्राम भैंसा मैं किया गया जिसमें संलग्न 12 ग्रामों के लोगों ने भाग लेकर बैठक को सफल बनाया बैठक में प्रस्ताव लाया गया कि चार पंचायतों के 12 ग्रामों को कोर जोन क्षेत्र से हटकर पुनः बफर जोन में शामिल किया जावे। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यालय प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा किया आदेश भोपाल दिनांक 27/2/2024 के माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी की गई है विशेष सहायक मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास मध्य प्रदेश शासन के दिनांक 9/7/2025 एवं कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह दिनांक 24/6/2025 मैं उपरोक्त आदेश की तालिका के सरल क्रमांक 18 पर अंकित निम्नानुसार कार्यों की प्रशासकीय 61 लाख स्वीकृति निरस्त होने पर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सलाहकार श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के स्टे होने पर स्वीकृति निरस्त नहीं करनी चाहिए अन्यथा माननीय उच्च न्यायालय की अवेहलना निर्मित होती है इसलिए शीघ्र रोड निर्माण कार्य किया जावे और पारित प्रस्ताव में चार पंचायतो के संलग्न 12 ग्रामों को कोर जोन क्षेत्र से बफर जोन क्षेत्र में शामिल किया जावे ताकि शासन प्रशासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं अन्य क्षेत्रों की भांति इस क्षेत्र में भी संचालित की जावें इस अवसर पर मानसीग यादव, कुंजबिहारी विश्वकर्मा, दिनेश खरे सरपंच, जगन सरपंच, वसोरी पटेल, निजाम, पंचम सींग, कैलाश, ववलू, टेकसीग,परम सींग, नंदलाल, नन्हे भाई, जीवन,मन्नू सींग सहित वड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# मॉडलों के माध्यम से प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों के मार्गदर्शन में जिस तरह से जनशिक्षा केन्द्र हटा के रसीलपुर पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं ने जनशिक्षा स्तरीय आयोजित बाल विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडलों के माध्यम से जो अपनी-अपनी प्रतिभा साबित की है उससे स्पष्ट तौर पर यह नजर आया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में भावी भविष्य निश्चित तौर पर हर मुकाम में सफल आयाम को लेकर तत्पर है। जिस तरह से रसीलपुर में छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में रह-तरह से मॉडलों के माध्यम से अपनी सोच सामने प्रदर्शित की उससे यह माना जा रहा है कि शिक्षकों के सानिध्य व मार्ग दर्शन में इन छात्र-छात्राओं को जिस तरह से दिशा दी जा रही है वह आने वाले समय में कहीं न कहीं इन्हीं छात्र-छात्राओं में से देश में नाम गौरवांवित करने को लेकर जाने जायेगें। जिस तरह से हर क्षेत्र में हर विषय के प्रतिभा नजर आ रही थी चाहे गणित विषय हो या भूगोल या विज्ञान सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में जो मॉडलों के माध्यम से अपने ही गुरू जनों के सामने प्रतिभा विखेरी है वह निश्चित ही कहीं न कहीं जनशिक्षा केन्द्र से विकासखण्ड स्तरीय व जिला स्तरीय आयोजित होने वाले प्रदर्शनी में मॉडल जाने जायेगें। जिससे विद्यालय का नाम व छात्र-छात्राओं का नाम स्वतः स्वमेव कहीं न कहीं रोशन होगा। जिस प्रकार छात्र-छात्राओं के द्वारा इस आयोजन में सहभागिता के साथ अपने मॉडलों के माध्यम से अपनी दक्षता व प्रतिभा साबित की है यह आयोजन ही बयां कर रहा था वह निश्चित ही सराहनीय है। यहां देखने को मिला कि शासकीय विद्यालयों में आज भी दक्ष शिक्षक जिनकी महत्ता ऐसे आयोजनों में स्वमेव झलकती है जिनके मार्गदर्शन में इनके छात्र-छात्रायें कम समय में भी कहीं न कहीं अनुकरणीय मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा साबित करने को लेकर जाने गये। यहां की छात्र-छात्राओं का चयन ब्लॉक स्तरीय विज्ञान मेला में किया गया। विज्ञान मेला कार्यक्रम के दौरान जन शिक्षक देवेंद्र सिंह राजपूत प्रताप पटेल, सेवानिवृत्त शिक्षक बलराम अहिरवार, प्रधान अध्यापक सुरेश श्रीवास्तव, शिक्षक साधुराम पटेल, हुकमचंद अहिरवार, प्रदीप पटेल, अतिथि शिक्षक अरविंद एवं रिंकू रैकवार की उपस्थिति रही।

# क्वार्टर फाइनल मैच में धोर्रा की टीम ने दर्ज की शानदार जीत



**हटा।** विकासखंड के दादपुर में सरदार पटेल खेल परिसर में स्व. श्री गंगाराम पटैल की पुण्य स्मृति में आयोजक मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल व उनकी टीम के सहयोग से डीपीएल-7 (दादपुर प्रीमियर लीग) का आयोजन दिवाली 21 दिसंबर से शुरू हुआ जहां मंगलवार को धोर्रा बनाम स्टार 11 दमोह के बीच खेला गया। जहां पहले बल्लेबाजी करते हुए एनसीसी धोर्रा की टीम ने निर्धारित 13 ओवर में 195 रनों का मजबूत लक्ष्य रखा। जवाब में स्टार 11 दमोह की टीम 179 रनों पर सिमट गई। एनसीसी धोर्रा टीम की बल्लेबाज परफ्यूम सोनू ने 25 गेंद में 61 रन एवं तीन ओवर में तीन विकेट लिए जिससे उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। एनसीसी धोर्रा टीम ने यह मैच 16 रनों से जीत कर सेमी फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल मैच देखने हजारों की तादाद में दर्शकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# नव वर्ष पर होगा मुनिसुव्रतनाथ भगवान का महामस्काभिषेक



**बनवार।** दिगंबर जैन मंदिर बनवार में नववर्ष के उपलक्ष्य पर समाधि सम्राट आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य मुनि श्री सुख सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बनवार में विराजमान प्राचीन मूलनायक मुनिसुब्रतनाथ भगवान का महामष्तिका अभिषेक 1 जनवरी को सुबह होने जा रहा है। इसके साथ ही सुबह ध्वजा रोहण, प्रभात फेरी, नित्य अभिषेक 108 कलशो से अतिशयकारी प्राचीन मूलनायक मुनिसुब्रतनाथ भगवान का महामष्तिका अभिषेक, मुनिसुब्रतनाथ विधान, पूजन, एवं सामूहिक महाआरती, एवं मुनि श्री के मंगल प्रवचन आदि धार्मिक अनुष्ठान मुनि श्री सुख सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होने जा रहा है जिसमें आप सभी धर्म प्रेमी बंधु सादर आमंत्रित है।बाहर से आने वाले धर्म प्रेमी बंधुओं की समुचित व्यवस्था समाज द्वारा की गयी है।

# एफएलएन मेले का आयोजन



**नरसिंहगढ़।** पी.एम. श्री एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला नरसिंहगढ़ में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान अध्यापिका शुभ्रा ठाकुर एवं स्टाफ द्वारा बच्चों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटरों का वितरण किया गया। नरसिंहगढ़ सरपंच प्रतिनिधि द्वारा 10 स्वेटर , डॉक्टर कुलदीप सैहमी द्वारा 10 स्वेटर, पूजा श्रीवास्तव द्वारा पांच स्वेटर, शुभ्रा ठाकुर द्वारा 225 स्वेटर बच्चों को निशुल्क दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. कुलदीप सेहमी ने कहा कि देश के लिए अनेक युवाओं ने अपने प्राण न्योछावर किए हैं और आज के बच्चे ही देश का सुनहरा भविष्य हैं, इसलिए मन लगाकर अध्ययन करें। सरपंच प्रतिनिधि पंडित राजेन्द्र बिदौलिया ने बच्चों से नियमित विद्यालय आने और लगन से पढ़ाई करने की अपील करते हुए शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं में सहयोग का भरोसा दिलाया। अखिल विश्व गायत्री परिवार नरसिंहगढ़ के संयोजक एवं समाजसेवी संतोष मोदी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें मेहनत से पढ़कर अपने विद्यालय, माता-पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए। साथ ही उन्होंने विद्यालय स्टाफ से शिक्षा को केवल नौकरी नहीं, बल्कि कर्तव्य मानकर बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान अध्यापिका शुभ्रा ठाकुर ने अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन को निरंतर प्रेरणा मिलती है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम पंचायात के सरपंच प्रतिनिधि पंडित राजेन्द्र बिदौलिया व हायर सेकेंडरी स्कूल की पूर्व प्राचार्य डॉ. कुलदीप सेहमी, जनपद सदस्य सदस्य ललती संतोष मोदी, माया पटेल, अनिल पाठक, अशोक पटेल पूर्व प्रधान अध्यापक, विपिन जैन, शरीफ खान, मकुंदी यादव, गीता साहू, मणि पटेल, एवं समस्त स्टाफ स्वा सहायता समूह की महिलाएं, बच्चों के अभिभावक एवं ग्राम के समस्त गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# समाधान योजना का लाभ देने लगाए जा रहे शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

विगत दिवस मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी समाधान योजना का सीधा लाभ देने के उद्देश्य से अधीक्षण अभियंता अमित चौहान दमोह व्रत के निर्देशन में समाधान योजना का प्रचार-प्रसार लाउडस्पीकर एवं मुनादी के साथ कनिष्ठ अभियंता द्वारा ग्राम पंचायत स्तर में शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दे रहे है जिसके अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो द्वारा योजना के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया योजना का मुख्य उद्देश्य लंबे समय से बकाया बिजली बिलों से उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से उपभोक्ता अपने पुराने बिलों का भुगतान कर सकते हैं, जिसमें सरचार्ज (विलंब भुगतान अधिभार) में भारी छूट दी जा रही है। यह योजना तीन माह या उससे अधिक समय से बिजली बिल जमा न करने वाले सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए लागू है। जबेरा वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो ने बताया समाधान योजना मध्यप्रदेश सरकार की एक विशेष महत्वकांक्षी राहत योजना है, जिसके तहत बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिलों के भुगतान में छूट का अवसर दिया गया है। उपभोक्ता यदि निर्धारित अवधि में बिल जमा करते हैं तो उन्हें विलंब भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में 60 से 100 प्रतिशत तक की माफी दी जाएगी।

पहला चरण 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें उपभोक्ताओं को विलंब भुगतान अधिभार में 60 से 100 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। दूसरा चरण 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान रहेगा। शिविर में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी।

# द्वितीय चरण का एफ़एलएन मेला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार प्रत्येक प्राथमिक, एकीकृत माध्यमिक, हाई स्कूल विद्यालयो में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु एफ एलएन मेला का आयोजन तीन चरणों में किया जाना प्रस्तावित है उसी क्रम में दिनांक 30.12.2025 को द्वितीय चरण के मेले का आयोजन किया गया जिसके तहत विकासखंड जबेरा की समस्त प्राथमिक विद्यालय में मेले का आयोजन किया गया। विकासखंड के ग्राम पौड़ी मनगढ़ में विद्यालय के प्राचार्य श्री रामकिंकर शर्मा के कुशल निर्देशन में मेले का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं सरपंच श्री मनोज राय के साथ ग्राम के जनप्रतिनिधि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं कक्षा पहली एवं दूसरी में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की माताओ की उपस्थिति रही। उक्त मेल को संपन्न कराने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक चरण सिंह ठाकुर ओंकार सिंह गायत्री मरावी माया यादव के साथ विद्यालय के समस्त अतिथि शिक्षकों की भागीदारी रही। उसी क्रम में जबेरा के भाट खमरिया एकीकृत माध्यमिक शाला में मेले का आयोजन किया गया जिसमें प्रधान अध्यापक डी एन सोनकुसरे सुशील जैन महेश विश्वकर्मा चंदूलाल राय प्रकाश चंद्र जैन के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षकों ग्राम के जनप्रतिनिधियों के साथ कक्षा पहली एवं दूसरी में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की माता ओ की बड़ी संख्या में भागीदारी रही।

## खबर संक्षेप

### दो प्रकरणों में 8 हजार रूपये का ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के बटियागढ़ थाना अंतर्गत 02 प्रकरणों में 02 आरोपियों पर 08 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है ।पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना बटियागढ़ के अपराध क्रमांक 408/25 धारा 103 (1), 351 (2) बीएनएस के तहत अरोपी कलू ऊर्फ अजय देवलिया निवासी बेलखेड़ी थाना बटियागढ़ जिला दमोह पर 05 हजार रूपये, थाना बटियागढ़ के अपराध क्रमांक 389/25 धारा 331(6), 296 (बी),115(2), 324(1),191(2),191(3),351(2) बीएनएस के तहत अरोपी हरिश्चंद दुबे निवासी ग्राम खड़ेरी थाना बटियागढ़ पर 3000 रूपये का इनाम घोषित किया है।

### एक अपराधी पर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्धेश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना कोतवाली के अनावेदक बाबू ऊर्फ देवेन्द्र पिता रामबिहारी शर्मा निवासी जटाशंकर कॉलोनी को आगामी 06 माह अर्थात 180 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है।

पानी पहुँचा तो बदली किस्मत, ज़मीन के दाम हुये दस गुना

# अधोसंरचना विकास से गांवों में आई समृद्धि-विधायक




### लंबे समय की मॉग पूरी, सतधारू नदी पर हाई लेवल ब्रिज का हुआ भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विकास कार्यों ने गांवों की तस्वीर और तक़दीर दोनों बदल दी है, पूर्व में सोमखेड़ा क्षेत्र में ज़मीन ₹2 लाख प्रति एकड़ में भी खरीदने वाला नहीं मिलता था, लेकिन आज हालात यह हैं कि किसान उसी ज़मीन पर तीन फसलें ले रहा है, क्योंकि हर खेत तक पानी और हर गांव के हर घर तक नल से जल पहुंच रहा है, उस समय किसी ने अंदाज़ा भी नहीं लगाया था कि इतना बड़ा परिवर्तन संभव हो पाएगा। इस आशय के उद्गार दमोह विधायक जयंत मलैया नें सतधारू नदी पर प्रस्तावित तेजगढ़ खुर्द-बहरा मार्ग पर हाई लेवल ब्रिज निमार्ण कार्य लागत 627.94 लाख के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होने कहा वर्तमान स्थिति यह है कि सोमखेड़ा में किसान ₹20 लाख प्रति एकड़ में भी अपनी ज़मीन बेचने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ज़मीनों के दाम केवल शहरों में ही नहीं बढ़े हैं, बल्कि गांवों की कृषि भूमि का मूल्य भी तेज़ी से बढ़ा है। विधायक श्री मलैया ने प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों और बेटियों को प्रतिमाह ₹1500 की सहायता दी जा रही है। छात्रों को एक गांव से दूसरे गांव में पढ़ाई के लिए साइकिल, बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही सरकार अधोसंरचना विकास पर विशेष ध्यान दे रही है-सड़कें, पुल, पुलियाएं, नई रेल लाइनें, एरोड्रम और एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। उन्होने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र और विश्व का नंबर-1 देश बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा वर्ष 2014 से 2025 के बीच केंद्र सरकार की नीतियों के चलते लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। जीएसटी में कमी के बाद वाहनों की खरीद बढ़ी है और देश में शिक्षा का स्तर भी लगातार ऊंचा हो रहा है। कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री रवि दीप वैन, अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक्षा अग्रवाल, विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व जाने के पहले जान ले ये नियम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

यदि आप नववर्ष के अवसर पर वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के पर्यटन स्थलों पर घूमने की योजना बना रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पर्यटन नियमों में सख्ती की गई है, जिसके चलते बड़ी संख्या में पर्यटक बिना भ्रमण किए ही वापस लौट रहे हैं। रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत सिंगौरगढ़ दुर्ग, निदान वॉटरफॉल, नजारा व्यू प्वाइंट, गिरी दर्शन वॉच टावर और भैंसा घाट जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल आते हैं। हर वर्ष नववर्ष के दौरान यहां जबेरा जनपद, दमोह जिला सहित जबलपुर, कटनी और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचते थे, लेकिन इस बार नए नियमों ने पर्यटन की तस्वीर बदल दी है। पर्यटकों के अनुसार, रिजर्व क्षेत्र में अब केवल फोर व्हीलर वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। एक वाहन में अधिकतम छह लोग जा सकते हैं और इसके लिए 1500 एंट्री फीस निर्धारित की गई है। टू-व्हीलर और पैदल प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है। जैसे ही पर्यटकों को इन नियमों की जानकारी मिलती है, वे निदान वॉटरफॉल और सिंगौरगढ़ बैरियल से ही लौटने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, प्रतिदिन 25 से 50 वाहन केवल अधिक शुल्क और नियमों की पूर्व जानकारी न होने के कारण बिना प्रवेश किए वापस लौट रहे हैं। इससे न सिर्फ पर्यटकों को निराशा हो रही है, बल्कि स्थानीय पर्यटन गतिविधियों पर भी असर पड़ने लगा है। जबलपुर से आए पर्यटकों ने बताया कि वे परिवार के साथ घूमने पहुंचे थे, लेकिन मौके पर पहुंचने पर नियमों और शुल्क की जानकारी मिली। न तो हाईवे पर कोई सूचना पटल लगाए गए हैं और न ही प्रवेश स्थलों पर स्पष्ट जानकारी उपलब्ध है। साथ ही पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव बताया जा रहा है। इस संबंध में टाइगर रिजर्व के डिप्टी रेंजर लईक खान ने बताया कि वन्यजीव संरक्षण और पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल फोर व्हीलर को अनुमति दी गई है। एक वाहन में अधिकतम छह लोग ही प्रवेश कर सकते हैं। पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे और प्रवेश द्वारों पर नियमों व शुल्क की स्पष्ट जानकारी के लिए सूचना पटल लगाए जाएं, ताकि लोग पहले से योजना बनाकर आएं और अनावश्यक परेशानी से बच सकें।

परिजनों ने लगाया जाम....

# बकायन में भीषण सड़क हादसा, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार झागरी थाना मगरोंन निवासी पूरन अहिरवार पिता नन्नू निवासी, मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार 16 चक्का ट्रक (क्रमांक MH 04 LI 6935) ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। आक्रोशित परिजनों ने करीब एक घंटे तक सड़क जाम कर दिया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी रजनी शुक्ला, एस.के. दुबे सहित प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी। अधिकारियों ने उचित कार्रवाई और नियमानुसार सहायता का आश्वासन देकर स्थिति को शांत कराया, जिसके बाद जाम हटाया गया और यातायात सुचारू रूप से शुरू हुआ। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल 16 चक्का ट्रक को हिरासत में ले लिया है तथा चालक के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की जांच जारी है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुर्घटनास्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### निरीक्षण में घटिया सड़क की खोली पोल, शहर में पैदल घूमकर लिया जायजा

# विधायक ने कलेक्टर के साथ विभिन्न मुद्दों को लेकर एसडीएम कार्यालय में की बैठक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने हटा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विधायक उमादेवी खटीक के साथ विभाग की अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की जहां विधायक अपने एक्शन मूड में नजर आई। बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की जहां कलेक्टर ने विभिन्न समस्याओं को सुनते हुए एमपीआरडीसी एवं नगर पालिका के अधिकारियों को समय सीमा तय करके निराकरण के निर्देश दिए। पूरी बैठक में दमोह से सिमरिया रोड एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निर्माण में हो रही गड़बड़ियों की शिकायत पर त्वरित निर्णय लेते हुए निर्देश जारी किए।

दरअसल हटा में लंबे समय से अव्यवस्थाओं का बोल बाला है आम जन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर के मुद्दों को सुलझाने हटा विधायक उमादेवी खटीक ने कलेक्टर सुधीर कोचर को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया कलेक्टर ने समस्याओं को सुनकर कहा कि नगरी क्षेत्र में पाइप लाइन शिफ्टिंग के मामले में समिति गठित की जाए और सड़क निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। गौरीशंकर वार्ड में सैकड़ो परिवार जो बेदखली की कार्रवाई से प्रभावित हो रहे हैं इस पर उन्होंने कहा कि विधायक सिविल अस्पताल के अधिकारियों से बात कर ले यदि भूमि शासकीय अस्पताल के नाम से आवंटित है और उन्हें भूमि की आवश्यकता नहीं है तो वह लिखित में एनओसी दे देंगे तब मद परिवर्तन की कार्रवाई आरंभ होगी। इस संबंध में वार्डवासी शैलेंद्र राजपूत ने एक आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर उन्होंने तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पुराने एसडीएम कार्यालय की भूमि और अन्य जमीन आवंटन के मामले में उन्होंने तहसीलदार प्रमोद जैन को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अंदर समस्त आवंटन के मामले उनके समक्ष प्रस्तुत करें बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय आबकारी का वेयरहाउस एवं अन्य क्षतिग्रस्त बिल्डिंगों के गिरने के संबंध में उन्होंने पीडब्लूडी से रिपोर्ट लेकर विधिवत प्रतिवेदन उचित माध्यम से उन्हें भेजने के निर्देश दिए। केंद्रीय विद्यालय के अधूरे निर्माण के संबंध में उन्होंने प्राचार्य रितेश पटेल को निर्देश दिए कि अधूरे काम की जानकारी उपयुक्त केंद्रीय विद्यालय को तुरंत भेजें ताकि 15 फरवरी के पूर्व कार्य पूर्ण हो जाए ताकि केंद्रीय विद्यालय भवन का लोकार्पण कराया जा सके।

मैराथन बैठक के उपरांत हटा विधायक उमादेवी खटीक कलेक्टर सुधीर कोचर को विभिन्न समस्याओं से रूबरू कराने शहर में पैदल लेकर निकली जहां उन्होंने विश्राम गृह के पास पुल निर्माण में जमीन अधिग्रहण के मामले में भी मौका निरीक्षण किया और सेतु निगम के अधिकारियों से दूरभाष पर जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कर कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। बस स्टैंड प्रवेश करते समय रिपटा के ऊपर बस स्टैंड की ओर क्षतिग्रस्त किले की बुर्जी को रिपेयर करने उन्होंने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए ताकि कोई घटना न हो सके। पहली बार कलेक्टर सुधीर कोचर ने बस स्टैंड क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया रंग महल किले के आसपास के अतिक्रमण हटाकर सौंदर्यीकरण करने की आवश्यकता पर सहमति जताई। महिला बाल विकास भवन, आबकारी वेयरहाउस, पुरानी तहसील कार्यालय भवन एवं मंदिर मस्जिद चौराहा स्थित थाना मंदिर की व्यावसायिक परिसर का भी मौका भ्रमण किया।

### निर्माणाधीन मुख्य सडक का भी क्या निरीक्षण

एमपीआरडीसी द्वारा बनाई जा रही निर्माणाधीन मुख्य सड़क का अंधियारा बगीचा क्षेत्र में हटा विधायक उमादेवी खटीक ने घटिया मटेरियल से बन रही सीसी सड़क की पोल खोल दी कलेक्टर ने निर्माणाधीन सीसी सड़क का जायजा लिया और अधिकारियों से जानकारी ली मौके पर मौजूद अनिमेष चौरसिया ने अपने हाथों में घटिया मटेरियल उठाकर कलेक्टर को घटिया पदार्थ के बारे में बताया जिस पर कलेक्टर ने सख्त लहजे में एमपी आरडीसी के डीएम एवं अन्य अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई करने आवश्यक निर्देश दिए इस दौरान एमपी आरडीसी के संभागीय प्रबंधक बर्बे सहायक प्रबंधक सुनील कालरा,उपयंत्री राकेश अग्रवाल तहसीलदार आलोक जैन प्रभारी सीएमओ राजेंद्र खरे मौजूद रहे।

### बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता ने की पुलिस अधीक्षक से मुलाकात

**दमोह।** 21 दिसम्बर को हुई श्री देव जागेश्वर नाथ जी मंदिर ट्रस्ट बांदकपुर की बैठक के दौरान जो झड़प की घटना घटी थी उसके संबंध में ट्रस्ट के प्रवक्ता द्वारा एस पी दमोह से भेट की गई ओर जिस तरह से हिंडोरिया थाना प्रभारी एवं बांदकपुर चौकी प्रभारी की तत्परता से एक बहुत बड़ी घटना को होने बचाया गया इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही मंदिर ट्रस्ट की बैठक के दौरान उपद्रव करने बालो की मौखिक जानकारी दी तथा साक्ष्य के रुप में उन्हें झड़प के वीडियो दिखाए एवं दिये गये। साथ ही आगामी बैठको में ऐसी उपद्रवकारी स्थिति ना बने इसलिए वीडियो में दिख रहे है। उपद्रवियो की पहचानकर उन्हें चिन्हित करने का निवेदन किया गया। मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि यह एक बहुत ही संवेदनशील घटना है कि मंदिर परिसर में पुलिस की मौजूदगी में ही कुछ लोगों के द्वारा उपद्रव प्रारम्भ किया जाता है। यह एक बहुत ही निंदनीय घटना है मंदिर ट्रस्ट विधि सम्मत कार्य करता है किसी भी प्रकार के दबाव में आकर नहीं, मंदिर ट्रस्ट सभी पक्षो की बात सुन रहा था। लेकिन जिस तरह से अराजकता फैलाने की कोशिश एवं मंदिर परिसर में गाली गलौच कर मंदिर की मर्यादा नष्ट करने का प्रयास हुआ है। यह बिलकुल भी बर्दास्त नहीं किया जा सकता है। आगामी बैठको में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिये पुलिस सख्ती से कार्यवाही करे ऐसा निवेदन पुलिस अधीक्षक से किया गया।

# घने कोहरे में बड़ा हादसा टला, कार बड़े घट पुल की रेलिंग से टकराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार


कड़कड़ाती ठंड के साथ देर रात से छाने वाला घना कोहरा ग्रामीण इलाकों में लगातार हादसों का कारण बनता जा रहा है। सोमवार–मंगलवार की दरम्यानी रात बनवार के समीप ब्यारमा नदी के बड़े घाट पुल पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब भोपाल से घटेरा आ रही एक कार बनवार बड़े घाट सेतु की अंधे मोड़ पर पुल की रेलिंग से जा टकराई। गनीमत रही कि कार में सवार दोनों युवक सुरक्षित बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार क्रमांक एमपी-04 टीबी 6463 भोपाल से रेलवे ठेकेदार की कुछ सामग्री लेकर घटेरा रेलवे स्टेशन की ओर आ रही थी। रात करीब 2 बजे ब्यारमा नदी का पुल पार करने के बाद अचानक आए अंधे मोड़ पर घना कोहरा होने के कारण चालक को मोड़ का अंदाजा नहीं लग सका और कार सीधे पुल की रेलिंग से टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन कार में सवार दोनों युवक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कार चालक कुलदीप सिंह ने बताया कि वे सोमवार–मंगलवार की रात भोपाल से सामग्री लेकर घटेरा आ रहे थे। घना कोहरा इतना ज्यादा था कि सामने का रास्ता साफ दिखाई नहीं दे रहा था। पुल पार करते ही अंधा मोड़ आ गया और अचानक कार रेलिंग से टकरा गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठंड के मौसम में इस मार्ग पर रात के समय घना कोहरा छा जाता है और बड़े घाट पुल के आसपास अंधे मोड़ होने के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से इस स्थान पर रिफ्लेक्टर, चेतावनी बोर्ड और अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### दुकान से रूपये की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा पुलिस के द्वारा दो चोरों को पकड़कर चोरी की गई राशि को जप्त किया साथ ही दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। ज्ञात हो कि शनिवार को देवेन्द्र पिता मुलामचंद सिंघई 62 निवासी वार्ड क्र. 08 तेन्दूखेड़ा ने पुलिस थाना में आवेदन देकर बताया कि 23 दिसंबर को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान की ड्राज में रखे बिक्री के पैसों को चोरी कर लिया हैं। थाना तेंदूखेडा में अपराध क्र. 528@25 धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस का कायम किया गया। चोरी के प्रकरण के दो आरोपी अरविंद पिता रज्जू सींग लोधी 18 निवासी ग्राम जामुनखेड़ा, राजा पिता कोमल सींग प्रधान 19 निवासी ग्राम जामुनखेड़ा को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी से चोरी किए गए 5 हजार 100 रुपए को जप्त कर न्यायालय पेश किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी तेंदूखेडा निरीक्षक रावेन्द्र सिंह बागरी, सउनि गजराज सिंह, प्रआर बृजेश तिवारी, सालिम खान, रविचंद्र सेन, आर. नीरज, विशाल, शैलेन्द्र, रणधीर, राममिलन का विशेष योगदान रहा।

# मुनि श्री प्रमाण सागर जी का कुंडलपुर में मंगल प्रवेश आज



**दमोह।** संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज का आमखेड़ा में रात्रि विश्राम हुआ। प्रातः आमखेड़ा से विहार करते हुए मुनि श्री संघ हिंडोरिया ग्राम पहुंचा जहां पर मुनि श्री ससंघ की आहार चर्या संपन्न हुई। सामायिक पश्चात शंकर समाधान कार्यक्रम के पश्चात मुनि श्री ससंघ हिंडोरिया से विहार करते हुए बमनपुरा ग्राम पंचायत में रात्रि विश्राम कर रहे है। साल के आखिरी दिवस 31 दिसंबर को मुनिश्री प्रातः विहार करते हुए पटेरा ग्राम पहुंचेंगे जहां ससंघ की आहारचर्या पटेरा ही में संपन्न होगी। दोपहर में सामयिक उपरांत मुनि श्री ससंघ का कुण्डलपुर की ओर विहार होगा। रास्ते में देश के कोने-कोने से आए जनसमूह के साथ चलकर सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में मुनिश्री ससंघ की भव्य अगवानी की जाएगी जहां दमोह जिले के एवं विभिन्न नगरों गांवों से आये महिला मंडल ,बालिका मंडल ,युवा मंडल, ढोल नगाड़े,पाटन एवं मुड़िया की बैंड पार्टी,ध्वज पताकायें आकर्षक रंगोली सजाकर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी द्वारा भव्य अगवानी की जाएगी। कुंडलपुर की ओर विहार करते हुये कहा कि हमारा जीवन भी दो तरह की धाराओं में बंटा हुआ है एक वह है, जो पूर्णतः को प्राप्त होता है, तथा एक वह जो भृष्ट होकर नष्ट हो जाता है जो नदी अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रभाहित होती है, वह अपने लक्ष्य की ओर पहुंच समुद्र बन जाती है,ओर वही नदी यदि अपने लक्ष्य से भटक जाये तो वह नदी न होकर पोखर में बदल जाती है,उसी प्रकार हमारा जीवन है शतत प्रवाह लक्ष्य की ओर ले जाकर इस क्षुद्र जीवन को विराट स्वरूप प्रदाता करता है, वही यदि यह एक स्थान पर ठहर जाऐ तो विराट स्वरूप को भी क्षुद्र बना सकता है। मनुष्य को आगे बड़ना है, तो कर्मशील और उत्तशाही और कर्मठ बने और अपने लक्ष्य को पाने के लिये प्रयत्नशील रहे। उपरोक्त जानकारी देते हुये प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आचार्य पदारोहण के पश्चात मुनिसंघ दो साल पश्चात कुंडलपुर के बड़ेबाबा के दर्शन करेंगे।

धार्मिक अनुष्ठा न के साथ धर्ममय वातावरण में होगी नये वर्ष की शुरूआत

# फुटेराकलां में घट यात्रा के साथ शुरू हुआ समवशरण मंडल विधान

**फुटेराकलॉं** । ग्राम फुटेराकलॉं में सकल जैन समाज द्वारा आयोजित श्री समवशरण विधान का शुभारंभ बड़े हर्ष-उल्ला स के साथ किया गया । यह धार्मिक कार्यक्रम 30 दिसम्बार से 04 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है । कार्यक्रम समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर महराज , आचार्य श्री समय सागर महराज एवं नगर गौरव आचार्य श्री आर्जव सागर जी के आशीर्वाद से एवं बा.ब्र. अजय जी (झापन) के निर्देशन में किया जा रहा है । मंच का संचालन नीरज जैन द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिवस प्रातः काल श्री जी के अभिषेक , शांतिधारा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई । तत्पकश्चांत इंद्र-इंद्राणी एवं समाजजनों के द्वारा पारंपरिक परिधानों के साथ जिसमें महिलाओं द्वारा सिर पर मंगल कलश लेकर घटयात्रा निकाली गई । घटयात्रा के बाद मंडप की शुद्धि की गई तथा तत्पाश्चाजत विधि विधान पूर्वक ध्विजारोहण किया गया । भगवान के जिनबिम्बम,जिनवाणी को समवशरण में विराजमान किया गया । दोपहर में बा.ब्र. समकित जी के द्वारा जिनवाणी के मर्म को सरल एवं सहज भाषा में श्रावकों को समझाया गया। सायं काल नाचते, गाते हुये भक्ति पूर्वक महाआरती की गई । कार्यक्रम में संगीतकार विवेक जैन पथरिया द्वारा श्रद्धालुओं को संगीत के माध्यरम से वातावरण भक्तिमय किया जा रहा है । रात्रि में प्रवचन के तत्श्चात अंशुल जैन टीकमगढ़ द्वारा नाटकीय मंचन भी किया गया। विधान आयोजन के संबंध में निर्मल कुमार जैन,अमित व्यू, सुरेश जैन द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में बाहर से श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियो की भी उपस्थिति रहेंगी । बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की समुचित व्यमवस्थात समिति द्वारा की गई है।



### आज वृद्धाश्रम में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**दमोह।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा के निर्देशों के तहत 31 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक वृद्धाश्रम, दमोह में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सचिव, भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दमोह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में नागरिकों की आँखों की निःशुल्क जांच की जाएगी। साथ ही नेत्र रोगों की प्रारंभिक पहचान कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। रेडक्रास सोसायटी द्वारा मानव सेवा के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर का मुख्य लक्ष्य अधिक से अधिक नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। भारतीय रेडक्रास सोसायटी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क नेत्र शिविर में उपस्थित होकर अपना नेत्र परीक्षण अवश्य कराएं और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लें।